C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com | Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में सोमवार
सायं 5:19 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सुबह 7:03 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 165 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | सोमवार, 23 दिसंबर 2024



तोड़फोड़ के बाद अल्लू अर्जुन के...पेज-3 पर

## कडाके की ठंड से नैनीताल जू में बेजुबान व फीजेट्स भी परेशान

नैनीताल

हमारे संवाददाता

जहां एक ओर इन दिनों मैदानी क्षेत्रों में पड़ रही कड़ाके की ठंड से आम इसान परेशान है तो वहीं दूसरी ओर पहाड़ों में सुबह और शाम पड रही कड़ाके की ठंड से नैनीताल के प्रमुख दर्शनीय स्थलों में से एक चिड़िया घर में बंद बेजुबान जानवर व फीजेट्स भी परेशान हैं। नैनीताल जू प्रबंधन के इन जानवरों व फीजेट्स को ठंड का अहसास ना हो इसके लिए जानवरों के लिए खास खान पान की व्यवस्था की है।

बता दें कि जू प्रबंधन भालूओं को ठंड से दूर रखने के लिए विशेष तौर पर अतिरिक्त शहद और गुड़ दे रहा हैं।



वहीं कैट फैमली के जानवरों को दिये जाने वाले प्रोटीन युक्त मांस की मात्रा भी बढ़ा दी गई है। साथ ही प्राणी उद्यान के पक्षियों को अतिरिक्त मात्रा में अंडे दिये जा रहे हैं ताकि पक्षियों के शरीर में गर्मी बनी रहे। इसके अलावा जानवरों के लिये सर्द हवाएं भी बेहद मुसीबत साबित कर रही हैं। इन सर्द



हवाओं से जानवरों को बचाने के लिये सभी बाड़ों को सुबह और शाम के वक्त हवा रोधी कपड़ों से ढके जा रहे हैं। साथ ही जू के कर्मचारियों द्वारा बास के तनो से चटाई बनाई जा रही है जो तेज ठंड हाव के थपेडो से बेजुबान जानवरो को बचने का काम कर रही है। जानवरो के बैठने के लिए बास तनो

### आहार चार्ट में भी बदलाव

जू के वन क्षेत्राधिकारी प्रमोद कुमार तिवारी के मुताबिक केंद्रीय चिड़ियाघर अर्थयोरटी के नियमों के आधार पर जानवरों को ठंड से बचाने के लिए बाडो में ब्लोअर तथा घास की चटाई की व्यवस्था की गई है साथ ही जानवरों के आहार चार्ट में भी बदलाव किया गया है।

से बने चटाई बनाई गई है। वही गर्म इलाके के जानवरों जैसे बंगाल टाइगर को ठंड से बचाने के लिए बाडो मे जू प्रबंधन के द्वारा ब्लोअर का लगाए गए है जो नैनीताल की कपकपाती ठंड में जानवरों के लिये एक सुकून है नैनीताल में दिन के वक्त धूप निकल रही है। तो जानवर दिन के वक्त धूप में खुद को गर्म करने की जद्दोजहद में दिखाई दे रहे हैं। धूप खिलने से जानवरों को कड़ाके की ठंड से थोडा बहुत आराम जरूर मिल रहा है। दिन में तो मौसम जितना खुशगवार है रात में उतना ही ज्यादा ठण्डा। आम आदमी के साथ जू के ये जानवर भी ठंड से परेशान है। दिन में ये जानवर धूप का लूफ्त उठा रहे है तो सर्द रातों की ठंडक इन बेजुबानों को परेशान किये है। जू के बायोलाजिस्ट अनुज कांडपाल की मानें तो शेर तथा बाघ प्रजाति के बड़े जानवरों को अतिरिक्त मांस और पक्षियों को अतिरिक्त अंडे और भालू को विशेष रूप से हिमालय शहर दिया जा रहा है।

## News कॉर्नर

### विभिन्न मुद्दों को लेकर आप पार्टी ने निकाली बाइक रैली

**नैनीताल ।** नगर में आम आदमी पार्टी की ओर से शनिवार को विभिन्न मुद्दों को लेकर मल्लीताल से तल्लीताल तक बाईक रैली का आयोजन किया गया। आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप कुमार दुम्का ने बताया कि सदन में अमित शाह के बयान में बाबा भीमराव अंबेडकर का जो अपमान हुआ है उसकी प्रतिक्रिया के रूप में पार्टी ने यह बाईक रैली निकाली है। उन्होंने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि भाजपा वाले संभल जाए और किसी का भी अपमान करना छोड़ दें, साथ ही उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के जरिए निकाय चुनाव के मद्देनजर हम जनता के बीच में जा रहे हैं और पार्टी ने जो चुनाव से संबंधित 15 गारंटियां दी हैं उसका प्रचार प्रसार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अपने प्रत्याशियों को हम निकाय चुनाव में खड़ा कर रहे हैं और चुनाव प्रचार को गति दे रहे हैं तथा आशा करते हैं कि हमें भी कामयाबी मिलेगी। कार्यक्रम में रैली के बाद विभिन्न वक्ताओं ने नगर की समस्याओं पर प्रकाश डाला और अपनी घोषणाओं के बारे में भी बताया। इस दौरान विनोद कुमार, विक्रम सिंह, गौरव कुमार तथा महेश प्रसाद सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### दून आदर्श शहर की तरह होगा विकसितः धामी

**देहरादून।** मुख्यमंत्री धामी ने 188 करोड़ की 74 योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। चार ईवी स्टेशनों का उद्घाटन किया करने के साथ ही उन्होंने तीन भिक्षावृत्ति रेस्क्यू वाहन रवाना किए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राजधानी में 188.07 करोड़ रुपये के 74 कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण किया। इनमें चार ईवी स्टेशनों समेत 36 कार्यों का लोकार्पण किया गया। इन पर लगभग 111.22 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। जबकि, 76.85 करोड़ रुपये के 38 कार्यों का शिलान्यास भी किया। सीएम ने कहा कि देहरादून को आदर्श शहर की तरह विकसित करना है। इसी क्रम में जनता की सहूलियत के लिए सरकार लगातार विकास कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि इस वक्त देहरादून की सबसे बड़ी समस्याओं में से एक जाम है। इससे निजात के लिए पार्किंग स्थलों को विकसित किया जा रहा है।

पीएम मोदी की युवाओं को बड़ी सौगात

## रोजगार मेले में 71000 युवाओं को सौंपे नियुक्ति पत्र

नई दिल्ली

एजेंसी

रोजगार मेला देश भर में 45 स्थानों पर आयोजित किया गया। चयनित अभ्यर्थियों को केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में नियुक्त गया। इनमें गृह मंत्रालय, डाक विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय एवं वित्तीय सेवा शामिल हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को भर्ती अभियान रोजगार मेला के तहत करीब 71,000 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर युवाओं को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित भी किया। इससे पहले पीएमओ ने बताया कि रोजगार सृजन को मुख्य प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता पूरी करने की दिशा में यह रोजगार मेला महत्वपूर्ण कदम है। यह युवाओं को राष्ट्र निर्माण और आत्म सशक्तीकरण में उनकी भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करेगा।

इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने अक्तूबर में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए रोजगार मेले में युवाओं को 51,000 से अधिक नियुक्ति पत्र बाटे थे। रोजगार



मेला देशभर में 40 जगहों पर आयोजित किया गया था। इसमें राजस्व विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, गृह मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय जैसे विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में भर्ती हुए लोग शामिल हुए थे।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन के दौरान कहा था, इस उत्सवी माहौल में, आज इस पावन दिन पर, रोजगार मेले में 51,000 युवाओं को सरकारी नौकरियों के लिए नियुक्ति पत्र दिए जा रहे हैं। मैं आप सभी को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। भारत सरकार में देश के लाखों युवाओं को स्थायी सरकारी नौकरी देने का सिलसिला जारी है। भाजपा और एनडीए शासित राज्यों में भी लाखों युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए हैं।

रोजगार मेला देश भर में 45 स्थानों पर आयोजित किया गया। चयनित अभ्यर्थियों को केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में नियुक्त किया गया। इनमें गृह मंत्रालय, डाक विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय एवं वित्तीय सेवा शामिल हैं। रोजगार मेले की शुरुआत 22 अक्तूबर 2022 को हुई थी। हाल में संसद के शीतकालीन सत्र में सरकार ने बताया था कि रोजगार मेले के जरिए अब तक कई लाख युवाओं को नौकरी दी जा चुकी है।

## यूपी-पंजाब पुलिस से मुठभेड़ में खालिस्तानी कमांडो फोर्स के तीन आतंकी ढेर

पीलीभीत

एजेंसी

उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले में तीन खालिस्तानी आतंकवादी एनकाउंटर में मारे गए हैं। पूरनपुर क्षेत्र में पंजाब और यूपी पुलिस की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई की है।

उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले में यूपी और पंजाब पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। यूपी और पंजाब पुलिस ने मुठभेड़ में तीन खालिस्तानी आतंकियों को मार गिराया है। तीनों आतंकी खालिस्तानी कमांडो फोर्स के थे। मौके से दो एके-47 और दो पिस्टल बरामद की गई हैं। तीनों ने गुरदासपुर चौकी पर ग्रेनेड फेंका था। उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले में तीन खालिस्तानी आतंकवादी एनकाउंटर में मारे गए हैं। पूरनपुर क्षेत्र में पंजाब और यूपी पुलिस की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई की है। पूरनपुर क्षेत्र में हरदोई ब्रांच नहर के करीब सोमवार सुबह करीब पांच बजे मुठभेड़ हुई।

**ये आतंकी मारे गए:** 1. गुरविंदर सिंह पुत्र गुरुदेव सिंह (25 वर्ष) निवासी मोहल्ला कलानौर, थाना कलानौर जिला गुरदासपुर, पंजाब
2. वीरेंद्र सिंह उर्फ रवि पुत्र रंजीत सिंह उर्फ जीता (23 वर्ष) निवासी ग्राम अगवान थाना कलानौर जिला गुरदासपुर, पंजाब
3. जसन प्रीत सिंह उर्फ प्रताप सिंह (18 वर्ष) निवासी ग्राम निक्का सूर, थाना कलानौर जिला गुरदासपुर, पंजाब

**दो एके-47 राइफल :** दो ग्लॉक पिस्टल और भारी मात्रा में कारतूस बरामद।

ये तीनों पंजाब के गुरदासपुर में पुलिस चौकी पर हमले के मामले में वांछित थे। पंजाब पुलिस इनकी तलाश में जुटी थी। तीनों की लोकेशन पीलीभीत के पूरनपुर में मिली। यहां पीलीभीत पुलिस के सहयोग से पंजाब पुलिस ने सोमवार तड़के तीनों आरोपियों की घेराबंदी। हरदोई ब्रांच नहर के समीप पुलिस की मुठभेड़ हुई। पूरा इलाका गोलियों से दहल उठा। आसपास के गांवों में दहशत फैल गई। लोग समझ नहीं पा रहे थे कि आखिर हुआ क्या। पुलिस मुठभेड़ में घायल आरोपियों को लेकर सीएचसी पूरनपुर पहुंची, जहां तीनों को मृत घोषित कर दिया। मुठभेड़ में दो सिपाही भी घायल हुए हैं। सिपाही सुमित राठी, थाना माधोटांडा और मोहम्मद शाहनवाज एसओजी शामिल हैं। एसपी ने सीएचसी पहुंचकर पूरे घटनाक्रम की जानकारी जुटाई।

## उत्तराखंड में नए साल से पहले बढ़ सकती है ठंड, आज बारिश-बर्फबारी की संभावना

देहरादून

हमारे संवाददाता

मौसम वैज्ञानिकों ने आज प्रदेश के पर्वतीय जिलों में बारिश के साथ बर्फबारी की संभावना जताई है।

क्रिसमस और नए साल से पहले उत्तराखंड में ठंड बढ़ सकती है। मौसम वैज्ञानिकों ने आज प्रदेश के पर्वतीय जिलों में बारिश के साथ बर्फबारी की संभावना जताई है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार देहरादून के पर्वतीय इलाकों समेत उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, टिहरी, बागेश्वर, पिथौरागढ़ और अल्मोड़ा जिले में हल्की बारिश व बर्फबारी की संभावना जताई है। हालांकि अन्य जिलों में मौसम शुष्क रहेगा। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि



बारिश और बर्फबारी से तापमान में गिरावट देखने को मिल सकती है। इसके चलते पहाड़ से लेकर मैदान तक ठंड बढ़ सकती है।

उधर रविवार के तापमान की बात करें तो दून का अधिकतम तापमान सामान्य से चार डिग्री के इजाफे के साथ 24.5 और न्यूनतम तापमान दो डिग्री की बढ़ोतरी के साथ 7.2 डिग्री रहा। आंकड़ों की बात करें तो न्यूनतम तापमान यह बीते सालों में सबसे अधिक है। इसका मुख्य कारण मौसम के पैटर्न में हुए बदलाव हैं।


## दिल्ली की खराब हवा से नैनीताल के पर्यटन में लगे चार चांद

उत्तरांचल दीप

अफजल फौजी,नैनीताल

दिल्ली एनसीआर की खराब हवा ने नैनीताल के पर्यटन में चार चांद लगा दिए हैं। भारी संख्या में सैलानी पहुंचने लगे हैं। आने वाले दिनों में भी सरोवर नगरी में सैलानियों की भीड़ उमड़ने की उम्मीद है।

दिल्ली की हवा गंभीर रूप से जहरीली हो चुकी है, जो सांस लेने के काबिल नहीं रही। अलबत्ता भारी संख्या में लोग नैनीताल ही नहीं बल्कि पर्वतीय क्षेत्रों की शरण लेने लगे हैं। ज्ञातव्य हो इन दिनों प्रदूषण के चलते दिल्ली के कई इलाकों में धुंध छाई हुई है। बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए दिल्ली में कई तरह की पाबंदियां लगा दी गई हैं। कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट ने दिल्ली बदले हुए ग्रेडड



रिस्पॉन्स एक्शन प्लान को चौथे फेज पर लागू कर दिया है।

इसके साथ ही स्कूलों को ऑनलाइन क्लास के जरिए चलाया जा रहा है। बच्चों के लिए मास्क जरूरी कर दिया गया है। दिल्ली से नैनीताल पहुंची पर्यटक ज्योतिका ने बताया कि दिल्ली में इन दिनों प्रदूषण का कहर है। पूरी दिल्ली में धुंध छाई हुई है। सांस लेने में तक लोगों को तकलीफ हो रही है। एक्यूआई लेवल काफी ऊपर आ पहुंचा है।

जिस वजह से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि पहाड़ों में इन दिनों ठंड है. नैनीताल में मौसम खुशनुमा बना हुआ है. दिल्ली से नैनीताल पहुंचे पर्यटक आकाश ने बताया कि दिल्ली में स्थिति बेहद खराब है. यही वजह है कि वो कुछ दिन नैनीताल घूमने आ गए हैं. यहां के प्राकृतिक नजारे, शुद्ध वातावरण उन्हें बेहद पसंद है। उन्हें यहां काफी आनंद आ रहा है।

### बढ़ चली है नगर में सैलानियों की आमद

नैनीताल होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट के अनुसार दिल्ली इन दिनों भयंकर प्रदूषण की चपेट है और वहां के लोग पर्वतीय क्षेत्रों को आ रहे हैं। नैनीताल के पर्यटन काफी बढ़ चला है। आने वाले दिनों में भी सैलानियों की आमद रहेगी। अब नव वर्ष के साथ क्रिसमस आ रहा है तो नगर में सैलानी बड़ी संख्या में पहुंचेंगे।

# राज्य भर में इंस्पायर अवार्ड की जनपद स्तरीय प्रतियोगिता

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के प्रोत्साहन से नेशनल इन्नोवेशन फाउंडेशन की पहल पर एससीईआरटी द्वारा राज्य भर में इंस्पायर अवार्ड की जनपद स्तरीय प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी आयोजित की जा रही है।

बता दें कि इंस्पायर अवार्ड के तहत नैनीताल जनपद की दो दिवसीय प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता का शुभारंभ नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय छात्रावास के सहयोग से पीएमश्री अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज हल्दूचौड़ में रविवार को किया गया। उद्घाटन अवसर पर नेशनल इनोवेशन फाउंडेशन के राष्ट्रीय केंद्र से आए पर्यवेक्षक अनंत गुप्ता ने सभी बाल वैज्ञानिकों को नवाचारों हेतु प्रोत्साहित करते हुए प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। स्थल संयोजक प्रधानाचार्य गणपत सिंह सेंगर सहित अतिथियों के रूप में पीटीए अध्यक्ष



अनुपमा दिगारी, सुधीर गुप्ता तथा अंजू भट्ट आदि की उपस्थिति में विभिन्न गतिविधियां संपन्न हुई। प्रतियोगिता के निर्णायकों के रूप में अनंत गुप्ता सहित जिला समन्वयक रविंद्र तिवारी एवं संतोष कुमार द्वारा योगदान दिया जा रहा है। कार्यक्रम समन्वयक एवं इंस्पायर अवार्ड के जिला समन्वयक डॉ. हिमांशु पांडे ने बताया की प्रतियोगिता के प्रथम दिन 94 बाल वैज्ञानिकों को मेडल एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व शनिवार को जिले के मुख्य शिक्षा अधिकारी गोविंद आर जायसवाल द्वारा इंस्पायर किट का विमोचन करते हुए आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं गईं। कार्यक्रम का संचालन दीपा पांडे द्वारा किया गया। आयोजन को सफल बनाने हेतु डॉ. सचिन पाठक, अनिल राणा, पूजा कांडपाल, आरती चिलवाल, कनिका चम्याल, रिद्धि भैंसोंडा तथा संस्कार पांडे को सम्मानित किया गया। आयोजन को सफल बनाने में स्काउट विमल, प्रियांशु, भास्कर तथा अनमोल आदि द्वारा योगदान दिया गया। प्रतियोगिता के दौरान बबली अधिकारी, रेणुका, योग्यता, प्रियंका, करिश्मा व भूमिका द्वारा आकर्षक साँस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। अंत में कार्यक्रम समन्वयक डा.हिमांशु पांडे ने सभी का आभार जताया।

## पुलिस ने तमंचे के साथ किशोर को दबोचा,मुकदमा

**रुद्रपुर।** प्रीत विहार में फायरिंग करने वाले किशोर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से एक तमाचा भी बरामद किया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर किशोर कोर्ट में पेश किया। पुलिस के मुताबिक रम्पुरा चौकी प्रभारी गणेश दत्त भट्ट पुलिस कर्मियों के साथ गश्त पर थे। इस बीच सूचना मिली कि दो दिन पहले प्रीत विहार में तमंचे से फायर करने वाला ब्लॉक रोड पर घूम रहा है। उसके पास तमंचा भी है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देख एक युवक भागने लगा। पुलिस कर्मियों ने उसका पीछा कर पकड़ लिया। पूछताछ में उसने बताया कि वह तराई विहार कॉलोनी में रहता है। उसकी तलाशी में पुलिस कर्मियों को 315 बोर का तमंचा भी मिला। एसएसआई ललित मोहन रावल ने बताया कि आरोपी ने पूछताछ बताया कि तमंचा उसने दोस्तों में रौब जमाने के लिए रखा है। उन्होंने बताया कि तमंचा देने वाले की तलाश की जा रही है। पकड़े गए किशोर के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। बता दें कि जिस युवक पर फायर किया था, उसने रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई है। एसएसआई ने बताया कि पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ तहरीर नहीं दी है।

## NEWS / फटाफट

### स्मैक समेत युवक गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** थाना बनभूलपुरा पुलिस ने 7.04 ग्राम स्मैक के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया गया। थाना बनभूलपुरा गश्तर पर थी। पुलिस टीम जब चोरगलिया रोड से होते हुए टीम गोलावायी पार्किंग के पास स्थित इस्लाम चाय वाले की झोपड़ी के पास पहुंची। वहां पुलिस टीम ने एक संदिग्ध व्यक्ति को देखा। जैसे ही उस व्यक्ति ने पुलिस को देखा, वह तेज़-तेज़ कदमों से भागने लगा। पुलिस टीम ने उसे घेरकर पकड़ लिया। उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम आदिल कुरैशी बताई निवासी लाइन नंबर 12 बताया। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश करने की तैयारी की जा रही थी।

### रेलवे स्टेशन से यात्री के बैग से नगदी व दस्तावेज चोरी

**हल्द्वानी।** काशीपुर रेलवे स्टेशन पर एक यात्री के बैग से नकदी और महत्वपूर्ण दस्तावेज़ चोरी होने की घटना सामने आई है। पीड़ित यात्री ने इस मामले की शिकायत जीआरपी चौकी काशीपुर में दर्ज कराई है। ग्राम रामुवाला गनेश, थाना ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद निवासी नावेद आलम ने जीआरपी थाने में दी तहरीर में कहा कि वह 19 दिसंबर को सुबह 5 बजे बान्द्रा मुम्बई रेलवे स्टेशन से ट्रेन संख्या 22975 में यात्रा कर काशीपुर आ रहा था। जब ट्रेन किच्छा रेलवे स्टेशन पर रुकी, तो वह पानी की बोतल खरीदने के लिए ट्रेन से उतरा। वापस अपनी सीट पर लौटने पर उसने देखा कि उसके दोनों बैग गायब हैं। दन गायब बैगों में 5000 रुपये नकद, पासपोर्ट, इंडियन सीडीसी पासपोर्ट, पैलो फीवर प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, स्थायी प्रमाण पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, हाईस्कूल की मार्कशीट, कोविड प्रमाण पत्र, एचएसबीसी के चेकबुक और सिन्डिकेट बैंक की पासबुक शामिल थे। पीड़ित की तहरीर पर जीआरपी ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# राष्ट्रीय एकीकरण शिविर में डीएसबी के दो स्वयं सेवकों का हुआ चयन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

राष्ट्रीय एकीकरण शिविर के लिए कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल के दो स्वयं सेवकों का हुआ चयन हो गया है और दोनों स्वयंसेवक शिविर में प्रतिभाग करने के लिए रवाना भी हो गए हैं। बता दें कि जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर में 21 से 27 दिसंबर तक राष्ट्रीय एकीकरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के लिए तनिषा जोशी तथा किरण पांडे का चयन हुआ है जबकि अन्य महाविद्यालयों से स्वयंसेवकों में क्रमश: विभोर चौधरी, वंशदेव, प्राची गिरि, परीक्षा जोशी, सुनील थुवाल, हिमांशु, तनिशा जोशी और किरण पांडे शामिल हैं। कार्यक्रम अधिकारी डॉ.





हर्षवर्धन पंत के नेतृत्व में इन स्वयंसेवकों ने शिविर में सक्रिय रूप से भाग लिया और राष्ट्रीय एकीकरण के महत्व को समझने का अवसर प्राप्त किया। तनिशा जोशी और किरण पांडे दोनों डीएसबी की इस उपलब्धि पर कार्यक्रम समन्वयक कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल डॉ. शिवांगी चनियाल समेत पूर्व समन्वयक प्रो.ललित तिवारी तथा डॉ. विजय कुमार ने हर्ष व्यक्त किया तथा स्वयं सेवकों को अपनी शुभकामनाएं दी हैं।




# कुमाऊं विवि की वरीयता सूची में प्रथम स्थान वाली छात्राओं को किया सम्मानित

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

इंदिरा प्रियदर्शिनी राजकीय स्नातकोत्तर महिला वाणिज्य महाविद्यालय हल्द्वानी में कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल की वरीयता सूची में प्रथम स्थान पाने वाली छात्राओं को प्राचार्य प्रो. आभा शर्मा द्वारा सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि स्नातकोत्तर स्तर पर कला संकाय से अंग्रेज़ी की छात्रा दर्शिता साह, हिंदी की नेहा, विज्ञान संकाय से भौतिक विज्ञान की छात्रा आशा तथा स्नातक स्तर पर कला संकाय से नित्या पांडे ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। प्राचार्य प्रोफेसर आभा शर्मा ने बताया कि महिला महाविद्यालय पूरे उत्तराखंड का एकमात्र राजकीय महिला महाविद्यालय है जो अपने अनुशासन एवं उत्तम शिक्षण कार्य के लिए जाना जाता है। यहां की छात्राओ की शिक्षण के अतिरिक्त अन्य सांस्कृतिक, सामाजिक और पर्यावरणीय गतिविधियों में निरंतर प्रतिभागिता रहती है। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो0 ए0के0 श्रीवास्तव, अंग्रेज़ी विभाग प्रभारी डॉ0 विभा पांडेय, हिन्दी विभाग प्रभारी डॉ0 नीता साह, भौतिक विज्ञान विभाग प्रभारी डॉ0 हेमलता धर्मसत्तू सहित अन्य शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

### अवैध फड़ एवं गंदगी मिलने पर 17 लोगों पर कार्यवाही



**नैनीताल।** नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी दीपक गोस्वामी के निर्देश पर शनिवार को पालिका के कर एवं राजस्व निरीक्षक हिमांशु चंद्रा के नेतृत्व में पालिकी की टीम ने नगर के बारापत्थर क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अवैध फड़ एवं गंदगी मिलने पर 17 लोगों के ऊपर चालानी कार्यवाही कि गई। चंद्रा के मुताबिक जिन लोगों पर चालानी कार्रवाई की गयी उनमें क्रमश: अमसद, अरमान,मो. अब्दुल, नासिर, समीर, रईश अहमद, रईस, मो शकील, अनिल, शुभम, नितिन, संजय, रवि, सचिन, विकल, आराध्या तथा संदीप शामिल थे। कहा कि कुल 10 हजार 500 रुपएं के चालान किये गए एवं भविष्य में ऐसा न करने की हिदायत दी। इस दौरान दिनेश रत्नाकर, विक्की सिलेलान तथा सनी सेलवान व सुनील कुमार आदि मौजूद थे।

### कविता गंगोला ने वार्ड संख्या 11 से दावेदारी पेश की



**नैनीताल ।** भाजपा महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष कविता गंगोला ने नगर के तल्लीताल स्थित कृष्णापुर वार्ड (वार्ड संख्या 11) से अपनी दावेदारी पेश की है। उन्होंने चुनाव प्रचार भी एकाएक तेज कर दिया है। उच्च शिक्षित व मृदुभाषी कविता की मानें तो समाजसेवा उनका लंबे समय से मिशन रहा है,नगर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में वह समाज के हर वर्ग से नजदीक से जुड़ी हुई हैं। उन्होंने कहा कि वार्ड की समस्याओं से वह पूर्व से ही भली भाँति परिचित हैं तथा कई समस्याओं का समाधान उन्होंने बीते वर्षो में विभिन्न माध्यमों से कराकर जनता की सेवा की है। कविता के मुताबिक वार्ड के लोगों का उनको हर संभव सहयोग मिल रहा है। कहा कि वार्ड वासियों के सहयोग से ही वह इस वार्ड से सभासद पद की दावेदारी कर रही हैं। कविता के मुताबिक अगर किसी वजह से पार्टी ने उन्हें वार्ड से दावेदारी पेश करने का मौका नहीं दिया तो वह फिर निर्दलीय चुनावी समर में कूदेंगी।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारी फर्म अब्दुल अली एण्ड ब्रॉस नाम से उपनिबन्धक कार्यालय हल्द्वानी में पंजीकृत थी, जिसका नाम आज दिनांक- 19.12.2024 को परिवर्तन कर नया नाम अब्दुल अली एण्ड ब्रदर्स कर दिया गया है। यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति उप निबंधक कार्यालय में दर्ज करा सकता है।-**भागीदार**

### शीतल कटियार हरीनगर वार्ड नंबर 4 से सभासद उम्मीदवार



**नैनीताल।** नगर पालिका चुनाव को लेकर सरगर्मियां शुरू हो गई है और अध्यक्ष और सभासद प्रत्याशियों ने अपने-अपने वार्ड से दावेदारी ठोकते हुए प्रचार शुरू कर दिया है बता दें शीतल कटियार हरीनगर वार्ड नंबर 4 से सभासद उम्मीदवार है।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**-संपादक**

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# हरीनगर वार्ड में ऊर्जा निगम की टीम ने चलाया अभियान

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

विद्युत वितरण खंड नैनीताल के अंतर्गत नारायण नगर और हरीनगर वार्ड में ऊर्जा निगम की टीम ने शनिवार को एक विशेष अभियान चलाया जिसमें करीब 750 मीटर झूलते तारों को टाइट किया गया और दो तिरछे पोलों को सीधा करके उन्हें सुरक्षित स्थिति में लाया गया।

बता दें कि यह कदम नागरिकों की सुरक्षा और विद्युत आपूर्ति की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। इस प्रकार के कार्य भविष्य में भी लगातार किए जाएंगेए ताकि उपभोक्ताओं को बिना किसी परेशानी के विद्युत आपूर्ति मिलती रहे,साथ ही ऊर्जा निगम की टीम ने शनिवार एक छापेमारी अभियान भी चलाया। अभियान अधिशासी अभियंता के नेतृत्व में उपखंड अधिकारी और अवर अभियंता की ओर से बारहपत्थर, खुरपाताल,सरियाताल और लिंगधार क्षेत्रों में किया गया। छापेमारी के दौरान कुल 14 विद्युत संयोजनों की जांच की गई, जिनमें से दो संयोजनों में अनियमितताएं पाई गईं।

इन मामलों में संबंधित उपभोक्ताओं को व्यक्तिगत रूप से सूचित किया गया है। अधिशासी अभियंता एसके सहगल ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने विद्युत संयोजनों का उपयोग केवल उन्हीं उद्देश्यों के लिए करेंए जिनके लिए उन्हें अनुमति दी गई है।साथ ही चेतावनी दी कि यदि अनियमितताएं पाई गईं तो उनके खिलाफ चालानी कार्यवाही की जा सकती है।

# नैनीताल बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन की वार्षिक आम सभा

**नोएडा/नैनीताल**

**संवाददाता**

नैनीताल बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन की वार्षिक आम सभा रविवार को उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम बिल्डिंग सेक्टर 62 नोएडा में सम्पन्न हुई। वार्षिक आम सभा में सर्वसम्मति से कामरेड चन्द्रशेखर कन्याल को अध्यक्ष पद और कामरेड पीयूष पायल को महासचिव पद के लिए मनोनीत किया गया।

इससे पूर्व सभा का संचालन कर रहे कॉमरेड सुमित तिवारी ने सभी सदस्यों को वार्षिक आम सभा में स्वागत किया और सभा को सफल बनाने हेतु आभार व्यक्त किया। सभा में नैनीताल बैंक सेवानिवृत कर्मचारी यूनियन से कॉमरेड एस.एन.दुबे ने भी शिरकत की। इस दौरान नैनीताल बैंक के विलय संबंधी प्रश्नों पर उत्तर देते हुए पदाधिकारियों ने बताया कि नैनीताल बैंक के विनिवेश को रोकना अब राष्ट्रीय मुद्दा बन गया है और उन्होंने अपने राष्ट्रीय नेतृत्व का उनके सहयोग




हेतु आभार व्यक्त किया तथा बैंक की वर्तमान स्थिति से सभी को अवगत कराया। महासचिव पीयूष पयाल ने बताया कि विगत माह में संगठन के पदाधिकारी एवित् सचिवए भारत सरकार से नैनीताल बैंक के विनिवेश को रोककर बैंक का विलय बैंक ऑफ बड़ौदा अथवा किसी अन्य पब्लिक सेक्टर बैंक में किए जाने संबंधित अपनी मांग की लेकर मिले तथा बैंक की वस्तुस्थिति से अवगत कराया। पदाधिकारियों ने वित्त सचिव भारत सरकार से नैनीताल बैंक का बैंक ऑफ बरोदा में यथाशीघ्र विलय करने संबंधित संसदीय समिति की सिफारिशों को लागू करने का अनुरोध किया। सभा का समापन करते हुए नवनिर्वाचित पदाधिकारी ने नैनीताल बैंक के समस्त कर्मचारियों के भविष्य को सुरक्षित रखने हेतु अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी एवं संपूर्ण निष्ठा से करने का भरोसा दिलाया। सभा के दौरान कॉमरेड पीयूष पयाल, चंद्रशेखर कन्याल, पुनीत बिष्ट,किशोर शुक्ला, साहिल खान, संजय जोशी, अमित घिल्डियाल, सागर बेलवाल, इति मिश्रा,निशा कामथ, पूजा झा तथा प्रवीण रावत, चंद्र मोहन सिंह रावत, रूपल पांडे ,प्रखर पाटनी व राकेश तिवारी आदि मौजूद रहे।

# अभिमत



## सुधार की जरूरत

***कुछ साल पहले भारत के अखबारों में घोटाले के समाचार सुर्खियां बनते थे। अब प्रिंट और इलेक्ट्रानिक मीडिया में घोटाले के समाचार कम ही नजर आते हैं। इसका आशय यह नहीं है कि भ्रष्टाचार खत्म हो गया है। अंतर्राष्ट्रीय संस्था ट्रांसपरेंसी इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार भ्रष्टाचार के मामले में भारत 93 पायदान पर है। इस मामले पर सरकारी स्तर से कहा जाता है, तो जवाब मिलता है कि पश्चिमी देशों को भारत की तरक्की अच्छी नहीं लग रही है और बदनाम किया जा रहा है। इसका दूसरा पहलू यह है कि भ्रष्टाचार का सीधा असर निम्न और मध्यम वर्ग पर पड़ता है।***

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने एकजुटता के साथ भ्रष्टाचार खत्म करने के लिए मुहिम छेड़ी थी। दुनिया के 190 देशों ने प्रतिबद्धता जाहिर की थी। भ्रष्टाचार किसी एक देश की समस्या नहीं है। भ्रष्टाचार का कुप्रभाव सभी को भुगतना पड़ता है। मीडिया में भ्रष्टाचार के मामलों को उजागर करने से रोकने पर भ्रष्टाचारियों को और अधिक बढ़ावा मिलता है। कुछ साल पहले भारत के अखबारों में घोटाले के समाचार सुर्खियां बनते थे। अब प्रिंट और इलेक्ट्रानिक मीडिया में घोटाले के समाचार कम ही नजर आते हैं। इसका आशय यह नहीं है कि भ्रष्टाचार खत्म हो गया है। अंतर्राष्ट्रीय संस्था ट्रांसपरेंसी इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार भ्रष्टाचार के मामले में भारत 93 पायदान पर है। इस मामले पर सरकारी स्तर से कहा जाता है, तो जवाब मिलता है कि पश्चिमी देशों को भारत की तरक्की अच्छी नहीं लग रही है और बदनाम किया जा रहा है। इसका दूसरा पहलू यह है कि भ्रष्टाचार का सीधा असर निम्न और मध्यम वर्ग पर पड़ता है। भ्रष्टाचार का जीता जागता सबूत यह है कि निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव के दौरान हजारों करोड़ रुपये की नगदी, शराब और मतदाता को बांटने के लिए सामग्री पकड़ी जाती है। कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए कोई भी पकड़े गये धन का दावेदार नहीं बनता है। चुनाव में सबसे अधिक कालाधन इस्तेमाल होता है। कालाधन भ्रष्टाचार की उपज है। आर्थिक रूप से उच्च और उच्चतम वर्ग अछूता रहता है। अरबपति उद्यमी का मामला सामने आया तो शेयर मार्केट धड़ाम हो गया। मध्यम श्रेणी के शेयर धारकों को नुकसान हुआ। अरबपति उद्यमी ने हथकंडों से अपने समूह की कंपनियों के शेयर की कीमत पुनः बढ़ा ली। चुनाव में इलेक्ट्रोरल बांड का मामला उछला। सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्ट्रोरल बांड को सही नहीं ठहराया। इस मामले में सभी राजनीतिक दल लिप्त थे। सरकार को कड़वा सच स्वीकार करना चाहिए कि भ्रष्टाचार का तरीका बदल गया है, खत्म नहीं हुआ है। देश के मीडिया पर दबाव बनाकर खबरें दबाई जा सकती हैं। किसी पार्टी विशेष की सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाना गलत होगा। देश की किसी भी समस्या के समाधान की जिम्मेदारी राजनीतिक क्षेत्र और प्रशासन तंत्र की है। केन्द्र और राज्यों में किसी भी पार्टी की सरकार हो, उसे पारदर्शिता से अपने दायित्व का निर्वहन करना चाहिए। सरकारी विभागों में भर्ती की परीक्षाओं में नकल माफिया के अनेक मामले हो चुके हैं। डाक्टर बनने के लिए छात्र-छात्राओं की प्रवेश परीक्षा के पेपर लाखों रुपये में बिके हैं। सभी मामलों में जांच का आदेश देकर इतिश्री कर ली जाती है, लेकिन भविष्य में ऐसा न हो, इसके लिए सुधार की जरूरत है।

# बलियानाले के ट्रीटमेंट प्रोजेक्ट में जल्द ही होगा अहम संशोधन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



नगर के अतिसंवेदनशील कहे जाने वाले बलियानाले के ट्रीटमेंट प्रोजेक्ट में जल्द ही अहम संशोधन किया जाएगा। इस संबंध में आईटीआई रुडकी की एक विशेषज्ञ टीम जल्द ही स्थल निरीक्षण के लिए बलिया पहुंचने वाली है। यह कदम प्रोजेक्ट के बेहतर क्रियान्वयन और निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है।

बता दें कि बलियानाले के ट्रीटमेंट का कार्य कुल 177 करोड़ रुपये की लागत से चल रहा है जिसमें अब तक लगभग 30 करोड़ रुपये का कार्य पूरा किया जा चुका है। वर्तमान में नाले ट्रीटमेंट के कुल कार्य का 20 प्रतिशत हिस्सा पूरा हो चुका है। परियोजना में लगभग 40 प्रकार के उच्च गुणवत्ता वाले मेट्रियल का उपयोग किया जा रहा है जो नाले की दीवारों और संरचनाओं को मजबूत बनाने के लिए जरूरी है। इन मेट्रियल्स का चयन पूरी तरह से पर्यावरण के अनुकूल और दीर्घकालिक स्थायित्व को ध्यान में रखते हुए किया गया है। वर्तमान में प्रोजेक्ट के तहत दीवारों का निर्माण कार्य भी तेजी से चल रहा है, फि लहाल दीवारों का लगभग 20 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। इसके साथ हीए एसडीए स्ट्रक्चरल डिजाइन एंड एंकरिंग तथा प्रोडक्शन,डेमसिंग और रिप्रोफ इलिंग जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को भी पूरा किया जा रहा है जिससे नाले के इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूती और स्थिरता मिलेगी।

मामले में सहायक अभियंता प्रमोद पाठक ने कहा कि बलिया नाले के ट्रीटमेंट के प्रस्ताव में संशोधन किया जाएगा। जल्द ही आईआईटी रुडकी की टीम भी निरीक्षण करेगी,दूसरी ओर अधिशासी अभियंता बिजेंदर कुमार ने बताया कि पूर्व में बलियानाले ट्रीटमेंट के लिए 177 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत था ।लेकिन भू स्खलन प्रभावित क्षेत्र की स्थिति को देखते हुए प्रस्ताव को रिवाइज कर 377 करोड़ का प्रस्ताव शासन को भेज दिया गया है ।बढ़ी हुई राशि से परियोजना में आवश्यक बदलाव किए जाएंगे जिससे यह अधिक प्रभावी साबित हो सके।

## श्रमिक संदिग्ध परिस्थितियों में पंखे के कुंडे में लटका मिला

**रुद्रपुर।** थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में किराए के मकान में रह रहा युवक का शव पंखे के कुंडे में लटका मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है।

पुलिस के मुताबिक सोमवार सुबह को पुलिस को सूचना मिली की एक व्यक्ति ने जयन्त शाह का मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना पर इंस्पेक्टर मोहन चन्द्र पाण्डेय, एसआई महेश कांडपाल, एसआई विजय कुमार मय पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि मौके पर मृतक का भाई रिंकू कुमार पुत्र राम रतन मौजूद मिला। उसने पुलिस को बताया कि उसका भाई मृतक मनोज कुमार पुत्र राम रतन निवासी ग्राम पीलावपुर गुमानी थाना ठाकुरद्वारा मुरादाबाद सिडकुल की एक कम्पनी में काम करता था। 1 साल से किराये पर यहा अपने दो अन्य भाईयो के साथ रह रहा था। बताया कि मृतक रविवार की रात करीब 9 खाना खाकर अपने कमरे में दरवाजा बन्द कर व मोबाईल पर गाने चलाकर सो गया था। आज जब काफी देर तक दरवाजा नही खुला और कोई आहट नही हुयी। खिडकी से देखा की मनोज कुमार पंखे से फंदा लगाकर लटका था।

## राजू लाल ने नैनीताल अध्यक्ष पद पर की अपनी दावेदारी पेश



**नैनीताल।** नगर पालिका चुनाव को लेकर सरगर्मियां शुरू हो गई है अभी शासन द्वारा चुनाव तिथि की घोषणा नहीं की गई है। फिर भी राष्ट्रीय पार्टियों के कार्यकर्ता अपनी अपनी दावेदारी पेश करने लगे हैं ऐसे ही शहर के सामाजिक कार्यकर्ता और कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता राजू लाल ने नैनीताल अध्यक्ष पद पर अपनी दावेदारी पेश की है ।

वर्तमान में वह कई पदों पर विराजमान है। और सेवानिवृत्ति कर्मचारी हैं वर्तमान में वाल्मीकि समाज के उपाध्यक्ष हैद्य वर्ष 2020 से कांग्रेस की सदस्यता लेकर कांग्रेस के लिए कार्य कर रहे हैं और रॉयल बास्केटबॉल के उपाध्यक्ष हैं। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के संगठन मंत्री भी रह चुके हैं। अखिल भारतीय वाल्मीकि महापंचायत के देश उपाध्यक्ष भी है। उन्होंने कहा अगर पार्टी उन पर विश्वास जगाती है और कांग्रेस पार्टी के चुनाव निशान से लड़ने के लिए मौका देती हैं तो मैं समाज के लोगों और सभी को साथ लेकर परचम लहराने का हर संभव प्रयास करूंगा।

# कप्तान सार्वजनिक स्थान पर जाम छलका कर उत्तपात मचाने वालों पर सख्त,162 हिरासत में



**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने और पिलाने वालों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी कार्रवाई के चलते जनपद में व्यापक स्तर पर चैकिंग अभियान चलाया गया।

अभियान के तहत सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वालों व शराब पीकर उपद्रव करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई की गई। पुलिस ने 162 व्यक्तियों को हिरासत में लेकर 81 पुलिस एक्ट के तहत चालान कर जुर्माना वसूला गया। पुलिस की कार्रवाई के चलते शराब पीने और पिलाने वालों में हड़कंप मचा हुआ है। एसएसपी ने सख्त हिदायत दी है कि सार्वजनिक जगहों पर शराब पीने व पिलाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

### 154 वाहन चालकों के खिलाफ भी कार्रवाई

पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई करते हुए 154 वाहन चालकों का एमवी एक्ट में चालान किया गया। इनमें 3 वाहनों को सीज किया गया। 4 व्यक्तियों के विरुद्ध 83 पुलिस एक्ट की कार्यवाही की गई और 23 लोगों के कोर्ट के चालान किए गए। शराबियों के विरुद्ध ऊधम सिंह नगर पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा।

## फिल्मी दुनिया

# तोड़फोड़ के बाद अल्लू अर्जुन के बच्चों को छोड़ना पड़ा घर



*अल्लू अर्जुन इन दिनों लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। संध्या थिएटर में हुए भगदड़ में एक महिला के बाद उन्हें जेल तक जाना पड़ा। हाल ही में उनके घर पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया, जिसके बाद उनके बच्चों को सुरक्षित दूसरी जगह पर ले जाया गया। अल्लू अर्जुन के बच्चों आयान और अरहा को हैदराबाद के जुबली हिल्स स्थित उनके आवास पर हुए हमले के कुछ घंटे बाद उन्हें सुरक्षित दूसरी जगह पर ले जाते हुए देखा गया। 22 दिसंबर, रविवार को उस्मानिया विश्वविद्यालय के आठ सदस्यों ने उनके घर में तोड़फोड़ की थी। इस दौरान उन्होंने अल्लू अर्जुन का पुतला जलाया, पौधों के गमले तोड़े और विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद पुलिस ने इस घटना में शामिल आठ लोगों को गिरफ्तार कर लिया। हमले के समय अल्लू अर्जुन घर पर नहीं थे। हमले के बाद अभिनेता के बच्चे, अल्लू अरहा और अल्लू अयान, घर से बाहर जाते हुए नजर आए। अपने घर के बाहर मीडिया से बात करते हुए अल्लू अरविंद ने कहा, सभी ने देखा कि हमारे घर पर आज क्या हुआ, लेकिन अब समय है कि हम उचित तरीके से प्रतिक्रिया दें। मैं इसे प्रतिक्रिया देने का सही समय नहीं मानता। पुलिस ने तोड़फोड़ करने वालों को गिरफ्तार कर लिया है और उनके खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिसकर्मी हमारे घर के पास तैनात हैं ताकि कोई भी यहां आकर हंगामा न करे। हमें ऐसी घटनाओं को प्रोत्साहित नहीं करना चाहिए। यह समय संयम रखने का है। कानून अपना काम करेगा।*

### रेवंत रेड्डी ने की हमले की निंदा

*तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने इस घटना की निंदा की और पुलिस से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा, मैं फिल्मी हस्तियों के घरों पर हमले की निंदा करता हूं। मैं राज्य के डीजीपी और सिटी पुलिस कमिश्नर को आदेश देता हूं कि वे कानून और व्यवस्था को लेकर कड़ी कार्रवाई करें। इस मामले में किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वरिष्ठ अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि संध्या थिएटर की घटना से अप्रभावित पुलिसकर्मी इस पर प्रतिक्रिया न दें।*

# हल्द्वानी की छात्राएं करेंगी राष्ट्रीय एकता शिविर में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

इंदिरा प्रियदर्शिनी राजकीय स्नातकोत्तर महिला वाणिज्य महाविद्यालय हल्द्वानी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की छात्राएं करेंगी राष्ट्रीय एकता शिविर में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व। प्राचार्य प्रो0 आभा शर्मा ने बताया कि महाविद्यालय की बीए तृतीय सेमेस्टर की प्राची गिरी और परीक्षा जोशी दिनांक 21 से 27 दिसम्बर तक लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान ग्वालियर, मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय एकता शिविर (एनआईसी) में चयन हुआ है। महाविद्यालय के लिए उपलब्धि बताते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी डॉ0 रितुराज पंत ने बताया कि इससे पूर्व भी महाविद्यालय की 2 छात्राओं अंजली और निकिता आर्या ने दिनांक 21 से 27 अक्टूबर 2024 तक हरियाणा के कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर में तथा बीकॉम पंचम सेमेस्टर की भाग्यश्री तथा बीएससी तृतीय सेमेस्टर की अंजलि दुर्गापाल ने राष्ट्रीय एडवेंचर शिविर में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व किया था। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने बधाई संदेश प्रेषित किये।



# ग्राफिक ऐरा हिल यूनिवर्सिटी के तत्वावधान में राष्ट्रीय कीवी दिवस मनाया

नैनीताल

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड जैव प्रौद्योगिकी परिषद हल्दी के क्षेत्रीय केन्द्र पटवाडांगर में परिषद एवं ग्राफिक ऐरा हिल यूनिवर्सिटी के संयुक्त तत्वाधान शनिवार को राष्ट्रीय कीवी दिवस मनाया। परिषद के निदेशक डॉ. संजय कुमार ने किसानों को कीवी कृषिकरण में आगे आने के लिये प्रेरित करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड की जलवायु कीवी उत्पादन के लिये बेहतर है। डॉ. संजय कुमार ने कहा कि कीवी फल में बहुत से औषधीय गुण पाये जाते हैं । यह फल कई रोगों का निवारण करता है और उच्च रक्तचाप को नियंत्रित करता है। इस फ ल की मार्केटिंग की अति आवश्यकता है। कहा कि देश का भविष्य युवाओं पर निर्भर है। उन्होनें सभा में उपस्थित किसानों व युवा वैज्ञानिकों से उद्यमी बनने व अपना स्टार्ट.अप शुरू करने का आह्वान किया।उन्होंने कीवी फल के उद्गम एवं इतिहास पर प्रकाश डालते हुये कहा कि उत्तरखण्ड के किसान कीवी का उत्पादन करके पलायन जैसी समस्या से बच सकते हैं और कीवी उत्पादन को स्वरोजगार के रूप में अपना सकते हैं। कीवी फल के उत्पादन के लिये आवश्यक जलवायु तथा मृदा गुणवत्ता के दृष्टिकोण से दिसम्बर माह सबसे उपयुक्त है। विशिष्ट अतिथि डॉ. एम. के नौटियाल( अधिष्ठाता ग्राफिक ऐरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल) ने किसानी एवं युवाओं से नये दृष्टिकोण को अपनाने एवं सदैव ज्ञान अर्जित करने के लिये प्रोत्साहित किया। इस दौरान वैज्ञानिक डॉ. मणिन्द्र मोहन, डॉ. सुमित पुरोहित, अनुज कुमार ,केशव सिंह रावत, जितेन्द्र बोहरा, सचिन शर्मा, अनुज जॉन तथा ग्राफिक ऐरा विश्वविद्यालय के डॉ. बलवन्त रावत, डॉ. दीपा नैनवाल, डॉ. आर. एस. रावत उपस्थित रहे। संचालन डॉ. मणिन्द्र मोहन ने किया जबकि डॉ. बलवंत रावत ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## कीवी फल के कृषिकरण की समस्त जानकारियां दी



नैनीताल। तकनीकी सत्र के दौरान प्रतिभागी कृषकों को ग्राफ्टिंग एवं कीवी फल के कृषिकरण की समस्त जानकारियां दी गयी।

विषय विशेषज्ञ डॉ. पंकज तिवारी तथा डॉ. सुमित पुरोहित व डॉ. नारायण सिंह ने किसानों की समस्याओं का निदान हेतु सामूहिक रूप से अपने सुझाव दिये। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. सुमित पुरोहित व अनुज कुमार ने संचालन किया।

## कीवी उत्पादन के अनुभव साझा किए

**नैनीताल।** कुमाऊं मंडल के बागेश्वर शामा निवासी किसान भवान सिंह कोरंगा ने कीवी उत्पादन को लेकर अपने अनुभव साझा किए। उन्होनें कहा कि वैज्ञानिक पद्धति से व सही जानकारी प्राप्त करके कीवी को आर्थिकी का साधन बनाया जा सकता है। कोरंगा ने बताया कि उन्होंने 2008 में कीवी की खेती शुरू की थी। वह वर्तमान में हवर्ड और ब्रूनो प्रजातियों के 600 से अधिक पौधों के साथ कीवी से कारोबार कर रहे हैं। वह एक साल में लगभग 150 क्विंटल कीवी पैदा कर रहे हैं। बताया कि पहाड़ों में समूद्र तल से एक हजार से दो हजार मीटर तक की ऊंचाई वाले ईलाकों में कीवी पैदा की जा सकती है।

## News कॉर्नर

### पत्रकार गौरव गुप्ता को दिल्ली में मिली डॉक्टरेट की उपाधि



**नैनीताल।** वरिष्ठ पत्रकार गौरव गुप्ता को रविवार को दिल्ली में डॉक्टरेट की उपाधि दी गई है। बता दें की गौरव गुप्ता पिछले 20 सालों में टीवी पत्रकारिता में कई न्यूज चैनल्स में काम कर चुके हैं। गौरव ने ईटीवी से अपना कैरियर की शुरूआत की। जिसके बाद गौरव गुप्ता जी न्यूज, टीवी 100 तथा इंडिया न्यूज तथा न्यू इंडिया चैनल में काम कर चुके है। न्यूज इंडिया चैनल में गौरव गुप्ता यूपी और उत्तराखण्ड की जिम्मेदारी संभाल चुके है। वर्तमान में गौरव गुप्ता देवभूमि पोल खोल समाचार पत्र के सम्पादक हैं। यूएस की यूनिवर्सिटी केदार्बरूक सीडरब्रुक पत्रकारिता में उन्हें दिल्ली में विशेष सम्मान दिया गया है।

### नियमितीकरण को 169वें दिन भी जारी रहा पौधरोपण आंदोलन

**नैनीताल।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आह्वान नियमितीकरण कट ऑफ डेट नियमावली 2024 जारी करने को लेकर पर्यावरण संरक्षण के तहत चलाया जा रहा राज्य में अनूठा पौधारोपण आंदोलन रविवार को 170वें दिन भी जारी रहा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में जहां विभिन्न स्थलों पर पौधारोपण किया गया वहीं पिथौरागढ़ स्थित गुरना देवी मंदिर परिसर में समाजसेवी व पत्रकार जुगल किशोर पांडे व भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्य समिति सदस्य ललित पंत के साथ विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया। पांडे ने कहा कि अपनी तरह का विभिन्न स्थलों में किए गए पौधारोपण कार्यक्रम में शेर सिंह, हर सिंह तथा पदम सिंह, वेद प्रकाश, सौरभ खोलिया, महेश कुमार, दीपक, राजेंद्र, नरेंद्र थापा तथा विजय बोरा सहित निगम कर्मी थे। वहीं आंदोलन के 170 वे दिन महासंघ के महामंत्री कंचन चंदोला के नेतृत्व में केव गार्डन परिसर नैनीताल में कर्मचारियों ने पौधारोपण किया किया ।

# रुद्रपुर मेयर पद को 19 नेताओं ने की दावेदारी

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता



निकाय चुनाव को लेकर भाजपा के तीन पर्यवेक्षकों के सामने मेयर के लिए दावेदारों ने दावेदारी रखी। प्रदेश से मंडल तक के पदाधिकारियों से मेयर प्रत्याशी को लेकर रायशुमारी की। कई दावेदार पदाधिकारियों से अपने पक्ष में रायशुमारी के लिए गुजारिश भी करते हुए दिखे। भाजपा जिला कार्यालय में रायशुमारी से पर्यवेक्षक पूर्व मंत्री गोविंद सिंह बिष्ट, नैनीताल विधायक सरिता आर्य और प्रदेश सह कोषाध्यक्ष साकेत अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। पर्यवेक्षकों ने कार्यकर्ताओं के मन की आवाज सुनकर राय देने की बात कही। इस दौरान जिला प्रभारी पुष्कर काला, जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, विधायक शिव अरोरा समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे। इसके बाद नगर निगम क्षेत्र में रहने वाले प्रदेश के विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य, पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारियों से रायशुमारी की। दावेदारों से उनके दावे का आधार भी पूछा गया। देर शाम तक चली प्रक्रिया में 100 से अधिक लोगों से रायशुमारी की गई। इसके अलावा कार्यकर्ताओं के लिए सुझाव पेटिका भी रखी गई थी। इधर दूसरे दिन पार्षदों के प्रत्याशियों ने अपने अपने समर्थकों के साथ पार्टी कार्यालय पहुंचे और पर्यवेक्षकों के सामने दावेदारी के आवेदन दिए। 100 से अधिक दावेदारों ने दावेदारी की।

**इन नेताओं ने की दावेदारी:** मानस जायसवाल,अनिल चौहान,वेद ठुकराल,भारत भूषण चुघ,जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दिवाकर पांडेय, धीरेंद्र मिश्रा, उत्तम दत्ता, तरुण दत्ता,राजकुमार साहा, रजनी रावत, रश्मि रस्तोगी, प्रेमलता सिंह, केके दास, हरीश मुंजाल, नत्थूलाल गुप्ता,मधु राय,यशपाल घई, घनश्याम श्यामपुरिया ।

भाजपा की ओर से की गई मेयर की दावेदारी में अप्रत्याशित नाम ने अन्य दावेदारों को चौंका दिया। ट्रांसपोर्टर हरीश मुंजाल के लिए उनके बेटे ने पर्यवेक्षकों के सामने दावा रखा। राजनीतिक कार्यक्रमों से हरीश की दूरी होने के बावजूद उनका नाम मेयर के टिकट के लिए चर्चा में आ गया। उनके दावे को लेकर सियासी गलियारे में चर्चाएं जोरों पर है।

# नव नियुक्त मुख्य नगर आयुक्त ऋचा सिंह से शिष्टाचार मुलाकात

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

वरिष्ठ नागरिक जन कल्याण समिति के पदाधिकारियों द्वारा नव नियुक्त मुख्य नगर आयुक्त नगर निगम हल्द्वानी काठगोदाम ऋचा सिंह से शिष्टाचार मुलाकात की गई तथा उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट कर ,उनका स्वागत और अभिनंदन किया गया।

ऋचा सिंह द्वारा मुख्य नगर आयुक्त का कार्यभार ग्रहण करते ही वरिष्ठ नागरिकों तथा दिव्यांग जनों की समस्याओं के निराकरण हेतु भूतल में अलग से डेस्क की व्यवस्था करने पर आभार व्यक्त किया गया, साथ ही भविष्य में भी वरिष्ठ नागरिकों के प्रकरण में इसी तरह के जनहितकारी फैसला करने हेतु अनुरोध किया गया। इस पर ऋचा सिंह द्वारा संगठन के पदाधिकारीयो को वरिष्ठ नागरिकों की हर समस्या के समाधान करने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर श्री भुवन भास्कर पांडे श्री डी.के पांडे ,श्री डी.के बलूटिया एवं श्री इंदर सिंह निगल्टिया आदि लोग उपस्थित करें।



# डीएम भदौरिया की अध्यक्षता में गठित समिति ने आपत्तियों पर सुनवाई हुई

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया की अध्यक्षता में गठित समिति ने नगर निगम, नगर पालिका परिषद व नगर पंचायतों के सामान्य निर्वाचन-2024 के सदस्य पदों हेतु वार्डो के आरक्षण एवं आवंटन के सम्बन्ध में प्राप्त आपत्तियों की सुनवाई हुई।

नगर निगम रूद्रपुर में कुल 260 आपत्तियां प्राप्त हुई थी। इसी तरह नगर निगम काशीपुर में 41, नगर पालिका परिषद खटीमा में 21, सितारगंज में 20, जसपुर में 4, गदरपुर में 8, नगला में 1, महुआखेड़ागंज में 2, बाजपुर में 1, नगर पंचायत दिनेशपुर में 1, नानकमत्ता में 2, सुल्तानपुर 5, लालपुर में 1, केलाखेड़ा में 3, महुआडाबरा में 3 आपत्तियां प्राप्त हुई थी। प्राप्त कुल 373 आपत्तियों पर समिति द्वारा आपत्तिकर्ताओं की उपस्थिति में सुनवाई कर रिपोर्ट शासन को प्रेषित की गई।

इस दौरान एडीएम अशोक कुमार जोशी, पंकज उपाध्याय, संयुक्त मजिस्ट्रेट आसिमा गोयल, नगर आयुक्त नरेश चन्द्र दुर्गापाल, एसडीएम मनीष बिष्ट, अभय प्रताप सिंह, डॉ अमृता शर्मा, कौस्तुभ मिश्र, रविन्द्र जुवाठा, रविन्द्र बिष्टस, ओसी गौरव पाण्डेय सहित अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत एवं आपत्तिकर्ता मौजूद थे।



## जैमर सप्रेम भेंट किए



**नैनीताल।** बाइक रेंटल एसोसियेशन नैनीताल द्वारा शनिवार को तल्लीताल थाना प्रभारी रमेश सिंह बोहरा को जैमर सप्रेम भेंट किए गए। इस मौके पर बाइक रेंटल एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय सिरोही, उपाध्यक्ष तारीख खान, महासचिव नितिन जाटव, उप सचिव यावर खान समेत कमल ,मनीष तथा ललित मोहन आदि यूनियन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# गौवंश स्क्वायड टीम ने 64 किलो प्रतिबंधित मांस बरामद किया

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

**कार्रवाई**
- खेड़ा में स्थित है नईम की दुकान,दुकानदार गिरफ्तार

गौवंश स्क्वायड टीम ने खेड़ा कालोनी में स्थित दुकान में छापेमारी की। टीम ने दुकान से 64 किलो प्रतिबंधित मांस के साथ दुकानदार को गिरफ्तार किया। इसके साथ ही औजार भी कब्जे में लिये।

दुकानदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया। शनिवार को गौवंश स्क्वायड टीम को सूचना मिली कि खेड़ा कालोनी स्थित नईम दुकान में प्रतिबंधित मांस बेचा जा रहा है। सूचना पर टीम प्रभारी प्रवीण सिंह टीम के साथ खेड़ा कालोनी में स्थित मांस की दुकान पर छापा मारा। टीम प्रभारी के मुताबिक दुकानदार नईम पुत्र सद्दीक निवासी खेड़ा को गिरफ्तार किया और दुकान से प्रतिबंधित 64 किलो मांस बरामद किया। उन्होंने बताया कि खेड़ा में नईम की दुकान पर प्रतिबंधित मांस बेचे जाने की सूचना मिल रही थी।

इसी सूचना पर टीम ने मौके पर पहुंच कार्रवाई की और प्रतिबंधित बरामद किया । नईम के खिलाफ कोतवाली में मामला पंजीकृत कराया गया। जांच के लिए सेंपल लिया गया है। टीम में हेड कांस्टेबल दीवान नाथ, प्रमोद कुमार,महेश राणा,राजकुमार आदि शामिल रहे। इधर गौवंश स्क्वायड टीम की कार्रवाई के चलते अन्य दुकानदारों में हड़कंप मच गया।

# निर्माता मंजू भारती व मुकेश जे. भारती की 5 फिल्में हुई लांच

नैनीताल

हमारे संवाददाता

फिल्मी दुनिया में मजबूत पकड़ के साथनिर्माता मंजू भारती व मुकेश जे. भारती ने एक साथ 5 फिल्में लॉन्च करदी हैं। लॉन्चिंग में फ्रेडी दारूवाला, रजनीश दुग्गल और प्रमोद पाठक शामिल रहे।

विवेक फिल्म्स प्रोडक्शन हाउस के बैनरतले मंजू भारती ने महत्वाकांक्षी लाइनअप का अनावरण किया। ये फिल्में विभिन्न विधाओं के साथ मनोरंजन का नया आयाम पैदा करेंगी। लॉन्च के अवसर पर फ्रेडी दारूवाला, रजनीश दुग्गल, गोविंद नामदेव, प्रमोद पाठक, मुकेश जे. भारती, आनंद कुमार, बृजेंद्र काला, महेश ठाकुर, अर्पित रांका, प्रवीण सिसोदिया, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल जैसे जाने-माने अभिनेता और अन्य क्षेत्रों के दिग्गज शामिल हुए। अभिनेता मुकेश जे. भारती के साथ मिलकर बैनर के विजन पर जोर देते हुए मंजू भारती ने कहा कि वह (मुकेश जे. भारती) अनूठी कहानियों और असाधारण कलात्मकता के साथ आकर्षक कहानियां बनाएं। विवेक फिल्म्स प्रोडक्शन हाउस की स्थापना बारह वर्ष पहले 2012 में मेरे द्वारा गई थी। ऐसे में हम ऐसी फिल्में देने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो दुनियाभर के दर्शकों को पसंद आए। इन पांच परियोजनाओं के साथ हमारा लक्ष्य अब कहानी और मनोरंजन में नए मानकों को स्थापित करना है।




कार्यक्रम में एमके शिवाक्ष द्वारा निर्देशित एवं मनोरंजक ड्रामा मोचन और दूसरे मौकों के संघर्षों पर आधारित रिकवरी, आर्यन सक्सेना द्वारा निर्देशित एक पिता और बेटी के बीच के बंधन को दर्शाने और दिल को छू लेने वाली कहानी पर आधारित पापा की परी, डडली द्वारा निर्देशित एक्शन से भरपूर बेहतरीन मनोरंजक थ्रिलर वायलेंस, बिलाल कुरैशी के निर्देशन में तैयार प्रेम, रिश्तों और सामाजिक मानदंडों के बारे में सच्ची घटना पर आधारित भावनात्मक ड्रामा केतन और बीना और प्रमोद पाठक निर्देशित पिता-पुत्र के संबंधों की जटिल गतिशीलता की जांच करती भावनात्मक पारिवारिक ड्रामा माई फादर जैसी पांच फिल्में रिलीज की गईं।